आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29 .08.2026   समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री - ताशकंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह उज्बेकिस्तान और किर्गिज़ गणराज्य की चार दिन की यात्रा पर रवाना हुए। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले दिए बयान में विश्वास व्यक्त किया कि उनकी उज्बेकिस्तान और किर्गिज़ गणराज्य की यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारियां मजबूत होंगी और इस क्षेत्र के साथ सभ्यतागत जुड़ाव और गहरा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत-उज्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि वे उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफ़कत मिर्जियोयेफ के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के साथ-साथ विकसित भारत और यांगी उज्बेकिस्तान के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि वे ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि ये केंद्र दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों के प्रतीक हैं।

जनविश्वास अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड के ग्राम कोरका, बोंदारी में आयोजित शिविर में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और शासकीय योजनाओं की पहुंच की जानकारी ली। हर शुक्रवार को जन विश्वास अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित किए जाते हैं, हालांकि इस बार शुक्रवार को रक्षाबंधन होने के कारण शनिवार को जन विश्वास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। रायसेन से हमारे संवाददाता ने बताय़ा है कि जिले के गैरतगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत देवनगर में जनसंवाद एवं शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक कुमार

पोरवाल, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और एसपी आशुतोष गुप्ता उपस्थित रहे। जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रांझी में आज करीब दो घंटे तक विभिन्न शासकीय संस्थानों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री ने अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं।

पेट्रोलियम मंत्रालय-स्पष्टीकरण

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि गोबरधन योजना के अंतर्गत बायोगैस  के लिए संशोधित मूल्य निर्धारण ढांचा, इसके उत्पादकों को स्थिर और किफायती मूल्य प्रदान करने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ये भी सुनिश्चित किया गया है कि उपभोक्ताओं को सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतों में कोई खास वृद्धि न वहन करनी पड़े। हाल ही में एक समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख के अनुसार, गोबरधन योजना के अंतर्गत बायोगैस की संशोधित कीमत, सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती है। हालांकि, मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह निष्कर्ष सही तथ्य पेश नहीं करता है।

प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय खेल दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय हॉकी की श्रेष्ठतम प्रतिभा के रूप में मेजर ध्यानचंद आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी खेल प्रेमियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका समर्पण, जुनून और दृढ़ संकल्प देश को गौरवान्वित करता है।

मौसम

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले चार दिन बारिश का सिलसिला बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रीवा, सीधी, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में तेज बारिश हो सकती है। राजधानी भोपाल में रिमझिम बारिश के आसार हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज बारिश की संभावना कम है। जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मौसम बदला रहेगा। सतना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कलेक्टर डा सतीश कुमार एस ने जिले में विगत समय से हो रही अतिवृष्टि के मद्देनजर नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रशासन और आपदा टीम अलर्ट मोड पर है।

संक्षिप्त समाचार

- नर्मदापुरम में 'बाघ रक्षा सूत्र' अभियान के तहत तीन दिनों में करीब 11 हजार ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों, ईको विकास समितियों के सदस्यों और वन मित्रों को बाघ वाली राखी बांधकर बाघ तथा वन्यजीवों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। अभियान का समापन आज हो रहा है।
- शिवपुरी जिले में रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इस दौरान प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर के सामने स्थित भुजरिया तालाब पर आज भुजरिया मेला भरेगा। यहां पर शाम को भुजरिया पर्व मनाया जाएगा।
- झाबुआ जिला जेल में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर भाई-बहनों के बीच भावुक मुलाकात हुई। विभिन्न मामलों में जेल में बंद भाइयों को राखी बांधने के लिए सुबह आठ बजे से ही बड़ी संख्या में बहनें जिला जेल पहुंचीं।